
# Page Three Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# सीएम धामी गुंजी में बढ़ायेंगें देशभर से जुटे साईकलिस्टों का मनोबल

**आयोजन**

## गुंजी में साइकिल रैली का हो चुका आयोजन शुरू

**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट।**



पिथौरागढ़। आजादी के अम्रत महोत्सव के अवसर पर चीन सीमा से लगी व्यास घाटी की केंद्र बिदुं गुंजी में साइकिल रैली का आयोजन शुरू हो चुका है। बता दें कि साअकिल रैली के लिए 58 साइकिलिस्ट मंगलवार देर सांय गुजी पहुंच गये। इस कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर जिला प्रशासन की टीम ने सारी व्यवस्थाएं पूरी कर ली है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी गुंजी पहुंचकर इस कार्यकम का उदघाटन करेगे। सीएम की उपस्थिति में गुजी की 10,500 फीट की उंचाई पर ये साइक्लिस्ट 75 राष्ट्रीय ध्वज फहरायेगे।

वहीं देर मंगलवार देर सांय कुटी यांगती में रिवर राफटिंग कराने वाले गाइड और प्रशिक्षणार्थी केएमवीएन के साहसिंक प्रबंधक दिनेश गुरूरानी के साथ टीम भी गुजी पहुंच चुकी है। धारचूला प्रशासन ने जानकारी दी है कि वर्तमान में तवाघाट लिपुलेख मार्ग अभी खुला है। जिलाधिकारी डॉ आशीष चौहान खुद इस कार्यक्रम के आयोजन को लेकर कमान थामें हुए है। जिलाधिकारी ने बताया कि सीमांत के अंतिम चीन सीमा से लगी व्यास घाटी पर उसे आयोजनों को कराने से यहां पर आने वाले समय में पर्यटन को बढ़ावा मिलने के साथ ही अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर साइकिलंग को एक बेहतर स्थान मिलने की कोशिश जारी रहेगी। इस कार्यक्रम में भाग लेने सीमांत जनपद पिथौरागढ़ के साथ ही दिल्ली ,एनसीआर, जम्मू कश्मीर ,कर्नाटक ,मुम्बई सहित अन्य राज्यों के 58 साइकिलिस्ट प्रतिभाग कर रहे है। यह कार्यक्रम से 24 से 27 मई तक चलेगा। मौसम के खराब होने के बावजूद भी इन साइकिलिस्टों को गुंजी का मौसम भा रहा है। जिलाधिकारी स्वयं इन साइकिलिस्टों से रूबरू हुए।

जिलाधिकारी के द्वारा किये जा रहे इस आयोजन को लेकर इन साइकिलिस्टों ने जिलाधिकारी के प्रयासों की खासी सराहना भी की है। इतनी उंचाई पर होने वाले इस आयोजित किये जा रहे इस साइकिल रैली को लेकर इन साइकिलिस्टों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। गुजी आदि कैलाश क्षेत्र में आने वाले समय में पर्यटकों की पहली पंसद होगी।

जिलाधिकारी ने इस कार्यक्रम में प्रतिभाग कर रहे तमाम राज्यों से आये प्रतिभागियों को अपनी ओर ढेर सारी शुभकामनाएं दी है। डीएम आशीष चौहान ने कहा है कि सीमांत की चीन सीमा में पर्यटन की अपार संभावनाओ देखते हुए ऐसे आयोजन फायदेमंद साबित होगे।

## न्यूज डायरी

### क्षेत्रों से आ रहे रेडीमेड पनीर व मावा को लेकर समिति हुंई चिंतित

**संवाददाता** देहरादून। दुग्ध विकास समिति रजि' की आवश्यक बैठक समिति के महासचिव राम सिंह कश्यप के निवास स्थान पटेल नगर में सम्पन हुई जिसकी अध्यक्षता समिति के उपाध्यक्ष चंद्र प्रकाश मेंदीरत्ता ने व संचालन महासचिव राणा सिंह कश्यप ने किया। बैठक में सर्वप्रथम समिति के अध्यक्ष स्वर्गीय अरविंद कुमार गुप्ता को सभी ने अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए और उनकी कमी को महसूस करते हुए उनको याद किया गया उनके स्वर्गवास के बाद समिति की ये पहली बैठक थी। इस अवसर पर समिति के उपाध्यक्ष मेंहदीरत्ता ने चिंता व्यक्त करते हुये कहा कि शहर में बाहरी क्षेत्रों से आ रहे रेडीमेड पनीर व मावा को लेकर समिति चिंतित है ये शुद्ध और सही माल नही है उन्होंने सभी व्यवसायियों से बाहर के पनीर मावा बेचने वालों का बहिष्कार करने का आहवान किया।

### अलग–अलग सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत

**संवाददाता** मंगलौर। अलग–अलग सड़क हादसों में आज तीन व्यक्तियों की मौत हो गई है। एक मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई, जबकि दो युवक मुजफ्फरनगर (उत्तर प्रदेश) के रहने वाले हैं। पुलिस के मुताबिक, मंगलवार को नारसन क्षेत्र के उजाला फैक्ट्री के समीप सुबह चार बजे दो कारों की आपस में भिड़ंत हो गई। इसमें एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है। अभी तक मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी है। वहीं दूसरी ओर, नारसन कस्बे में सोमवार की देर रात बाइक सवार दो युवक मुजफ्फरनगर की ओर से हरिद्वार जा रहे थे। बाइक सवार दोनों युवक ट्रैक्टर–ट्राली की चपेट में आ गए।

### एलजी ने ओएलईडी टीवी लाइनअप के अंदर गेम शिफ्टिंग तकनीक पेश की

**संवाददाता** देहरादून। भारत के अग्रणी कंज्यूमर ड्यूरेबल ब्रांड, एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स ने आज अपने बहुप्रतीक्षित 2022 ओएलईडी टीवी लाइनअप के उपलब्धता की घोषणा की सीईएस 2022 में इस ओएलईडी टीवी लाइनअप के अंदर उत्कृष्ट पिक्चर क्वालिटी, बेहतर प्रदर्शन और आकर्षक डिजाइन की व्यापक रूप से प्रशंसा की गई यह नए उत्पाद बेहद शानदार इमर्सिव दृश्यों के साथ अविश्वसनीय सीमलेस एक्सपीरियंस प्रदान करते हैं 2022 ओएलईडी लाइनअप के अंदर सबसे विस्तृत सीरीज पेश की गई है इसमें 246 सेमी (97) के दुनिया के सबसे बड़े ओएलईडी टीवी से लेकर दुनिया का सबसे पहला 106 सेमी (42) का ओएलईडी टीवी शामिल है जो छोटे कमरे के लिए एकदम सही है और हर गेम खेलने वाले व्यक्ति के लिए आदर्श है।

## जितेंद्र नारायण त्यागी ने श्रीमहंत रविंद्र पुरी महाराज से की भेंट

**संवाददाता** हरिद्वार। उत्तर प्रदेश शिया वफ्फ बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष रहे जितेंद्र नारायण त्यागी (पहले का नाम वसीम रिजवी) ने अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद निरंजनी के अध्यक्ष और निरंजनी अखाड़े के सचिव श्रीमहंत रविंद्र पुरी महाराज से भेंट की।

मंगलवार को हुई इस भेंट को उन्होंने शिष्टाचार भेंट बताया। कहां की पूर्व में जेल में रहने के दौरान उनके मन में संन्यास इच्छा की भावना जागृत हुई थी। उनकी आज की मुलाकात इसी सिलसिले में है, क्योंकि वह जानना चाहते हैं कि इस्लाम छोड़कर हिंदू धर्म स्वीकार करने वाले व्यक्ति के लिए संन्यास लेने के क्या–क्या धार्मिक विधान हैं और उसे कौन–कौन से कर्मकांड करने होंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि आज से पहले खुद के संन्यास लेने संबंधी उन्होंने कोई बयान नहीं दिया था। कहा कि कोर्ट के आदेश पर वह आज भी अधिकृत तौर पर कोई बयान नहीं दे रहे, वह सिर्फ निजी शिष्टाचार मुलाकात और अपनी जिज्ञासा शांत करने के लिए श्रीमहंत रविंद्र पुरी महाराज से भेंट करने निरंजनी अखाड़ा आए हैं। इस मौके पर उनके साथ स्वामी आनंद स्वरूप भी मौजूद रहे।

अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद निरंजनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्र पुरी ने ज्ञानवापी में शिवलिंग मिलने की बात को हिंदू धर्म और हिंदू समाज को पहुंचाए गए नुकसान का प्रत्यक्ष उदाहरण बताया। उन्ध्होंने पूर्ववर्ती सरकारों में इस सच को सामने ना लाने की बात को दुर्भाग्यपूर्ण बताया।



## 493 करोड़ से बनेगा ड्रेनेज प्लान, पांच जोन में बांटा शहर

**संवाददाता** रुड़की। शहर में जलभराव की समस्या को दूर करने क लिए सिंचाई विभाग ने 493 करोड़ रुपये का ड्रेनेज प्लान तैयार किया है। ड्रेनेज प्लान के लिए शहर को पांच जोन में बांटा गया है। दावा है कि यदि इस प्लान के मुताबिक कार्य होता है तो शहर में जलभराव की समस्या से निजात मिलेगी। नगर निगम रुड़की के सभाकक्ष में मंगलवार को ड्रेनेज प्लान को लेकर एक बैठक बुलाई गई। नगर निगम के महापौर की अध्यक्षता में हुई बैठक में ड्रेनेज प्लान को प्रोजेक्टर के माध्यम से दिखाया गया। महापौर गौरव गोयल ने बताया कि शहर में जलभराव एक बड़ी समस्या है। इस संबंध में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से भी वार्ता की गई थी। मुख्यमंत्री ने समस्या के स्थायी समाधान का आश्वासन दिया था। इसी के बाद सिचाई विभाग ने जल निकासी को लेकर एक ड्रेनेज प्लान तैयार किया है।

## बदलते परिवेश में कई वन्य जीव विलुप्त होने की कगार में पहुंचे

**संवाददाता** पुरोला। बीएल जुवांठा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के जंतु विज्ञान विभाग ने गौरैया संरक्षण पर एक गोष्ठी का आयोजन किया। गोष्ठी में स्नातक व परास्नातक के छात्र–छात्राओं को जीव जन्तुओ के प्रति संवेदनशील रहने व बदलेते हुए पर्यावरण से जीव जंतुओं को हो रहे नुकसान व उनके संरक्षण पर चर्चा परिचर्चा कर संरक्षण करने के तौर तरीकों से अवगत करवाया।



वंही गोष्टी में गौरैया प्रजाति की छोटी पक्षी विलुप्त होती जा रही है उसको संरक्षित करने को विस्तृत जानकारी दी व वन्य जीव संरक्षण पर छात्र–छात्राओं को विस्तृत जानकारी दी गयी। बतौर वक्ता गोविंद वन्य जीव विहार राष्ट्रीय पार्क के वन क्षेत्राधिकारी ज्वाला प्रसाद व अमिता चौहान ने वन्य जीवों पर विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि बदलते परिवेश में कई वन्य जीव विलुप्त होने की कगार में हैं। अगर इनका संरक्षण नही किया गया तो आने वाले समय मे केवल किताबों पर ही इनके चित्र देखने को मिलेंगे।उन्होंने कहा कि मानव के ही कारण आज विकास की दौड़ के नाम पर जल,जंगल व वन्य जीव व इसका पारिस्थितिकी तन्त्र प्रभावित हो रहा है जिसको लेकर आज प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है कि हम सब मिलकर वन्यनजीवों का संरक्षण करने को पहल करें व समाज को जागरूक करें। गोष्टी में जंतु विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष व प्राध्यापक डॉ0 प्रियंका ने छात्र–छात्राओं को जंतु विज्ञान के अध्ययन को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि जीव जंतुओं की पहिचान व उनके बारे में विस्तृत जानकारी सहित जीवों के आचार–व्यवहार को समझने में सहायक है।

कार्यक्रम में विद्यालय प्राचार्य डॉ0 ऐके तिवारी,प्राध्यापक कृष्ण देव रतूड़ी,गणेश प्रसाद,राजेन्द्र लाल आर्य,डॉ. विनय प्रकाश नौटियाल,राजीव सहित सभी छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।

## तेजस्विनी आर्टिजन कैंप में 35 महिला शिल्पियों, कारीगरों का हुआ पंजीकरण

**संवाददाता** देहरादून। तेजस्वनी चौरिटेबल ट्रस्ट एवं बिजनेस एसोसिएशन की ओर से मिनिस्ट्री ऑफ टेक्सटाइल्स हैंडीक्राफ्ट विभाग के सहयोग से महिला हस्तशिल्पियों, कारिगरों का पंजीकरण किया गया। कैम्प में 35 महिलाओं ने अपने उत्पाद का पंजीकरण कर विभाग द्वारा चलाई जा रही स्कीमों की जानकारी ली। इस मौके पर विभाग की ओर से हैंडीक्राफ्ट प्रमोशन अफसर शैलेश सिंह ने सभी महिलाओं को विभाग द्वारा दी जा रही सुविधाओं की जानकारी देते हुए बताया कि इस यह पंजीकरण कार्ड पांच वर्षों के लिए बनाया जाता है जिससे उनको किसी भी बैंक से बिजनेस लोन मुद्रा लोन लेने पर कई तरह के फायदे मिलते है। यही नहीं सरकार द्वारा लगाई जाने वाली सभी प्रदर्शनियों क्राफ्ट बाजार, शिल्प बाजार आदि में उनको मुफ्त दुकान भी उपलब्ध करवाई जाती है। यही नहीं विभाग की ओर से कई अवार्ड भी समय समय पर घोषित किए जाते है।